प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के फार्म पर धान की पौध रोपण कार्यक्रम विधिवत प्रारम्भ

पंतनगर। 14 जून 2023। विश्वविद्यालय फार्म के एन ब्लाक पर आज प्रातः धान की रोपाई का शुभारम्भ विधिविधान के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि धान रोपण का कार्य विश्वविद्यालय फार्म में बहुत समय से प्रारम्भ कर दिया गया है। उनके द्वारा धान की प्रजाति एमटीयू 7029 के पौध का रोपण किया गया। उनके द्वारा वहां पर उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक फार्म डा. जयन्त सिंह तथा उनकी टीम के सभी सदस्यों एवं श्रमिकगण द्वारा किये जा रहे परिश्रम की प्रशंसा की गयी। उन्होंने कहा कि धान की एमटीयू 7029 प्रजाती बहुत ही लोकप्रिय है और इसका बहुत अच्छा उत्पादन है। इसकी रोपाई से फार्म में धान का अच्छा उत्पादन होगा। विश्वविद्यालय का विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन तथा देश में खाद्यान्न के उत्तरोत्तर वृद्धि में अग्रणी भूमिका रही है। समय से बीजाई एवं रोपण कार्य से ध ाान की फसल से अधिक उत्पादन प्राप्त हो सकेगा।

इस अवसर में निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, मुख्य फार्म प्रबंधक (तकनीकी) डा. परविन्दर सिंह, संयुक्त निदेशक, फार्म डा. वीर सिंह, सुरक्षा अधिकारी डा. जी.सी. बोरा, इंजीनियर विकेश, प्रक्षेत्र सहायक भुवन शर्मा आदि उपस्थित थे।



*धान की पौध रोपण करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारीगण।*



*धान के पौध रोपण के उपरान्त मुख्य महाप्रबंधक फार्म एवं अन्य अधिकारियों से चर्चा करते हुए कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*